तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शनिवार 30 अगस्त 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 ब्लॉक में शिशु संरक्षण माह स्वास्थ्य अभियान का शुभारंभ



12 नहीं चेत रहा दुर्ग निगम, धमधा नाका ...



## खबर संक्षेप

### प्रधानपाठक धुर्वे को मिला मुख्यमंत्री गौरव अलंकार शिक्षा दूत पुरस्कार

**दाढ़ी।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय दाढ़ी के प्रधान पाठक चंद्रभान सिंह धुर्वे को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए मुख्यमंत्री गौरव अलंकार शिक्षा दूत पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार ऐसे शिक्षकों को दिया जाता है, जिन्होंने शिक्षा को सरल, रोचक और बच्चों के लिए प्रेरणादायक बनाने में विशेष कार्य किया हो। प्रधान पाठक धुर्वे ने बच्चों को गतिविधि आधारित शिक्षा, प्रिंट-रचित वातावरण, खेल-खेल में शिक्षा और बाल मेले का आयोजन जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। उन्होंने पालक समुदाय को विद्यालय से जोड़ा, स्वच्छ वातावरण तैयार किया और अंगनबाड़ी के माध्यम से महिलाओं को विद्यालय की गतिविधियों और शिक्षा से अवगत कराया। उन्होंने अपने खर्चे से संकुल स्तरीय बाल मेला का आयोजन किया, जिसमें विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया। इस उपलब्धि पर संस्था के सदस्य और शिक्षक महेश्वर सिंह चंदेल, आरती गुप्ता, प्रतिमा भंडारी, भुनेश्वरी कुंभकार, राजिम जायसवाल, ललिता कुंभकार, अनुसुइया निषाद, डोमन धुर्वे और कॉलेज छात्र अनुवय गुप्ता सहित सभी शिक्षकों ने उन्हें बधाई दी।

### सोने के जेवर चोरी करने वाला चोर गिरोह पकड़ाया

**राजनांदगांव।** सोने के जेवर चोरी करने के मामले में पुलिस ने तीन महिलाओं सहित खरीददार को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। सूत्रों के अनुसार 25 अगस्त को प्रार्थिया श्रीमती नीता शर्मा डोंगरगांव ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 25 अगस्त को अपने मायके जाने के लिए डोंगरगांव बस स्टैंड से भारत ट्रेव्हल्स में बैठकर राजनांदगांव जाने के लिए निकली थी कि जंगलपुर के पास रास्ते में तीन औरतें बस में चढ़ी और लड़ाई-झगड़ा कर बीच में बैठ गई। बस स्टैंड राजनांदगांव में उतरने के बाद कवर्धा जाने के लिए दूसरी बस में बैठकर टिकट देने के लिए देखे तो सोने का 1 चोकर, 1 मंगलसूत्र, ईयर रिंग एवं अंगूठी जुमला अनुमानित कीमत 2,50,000 रुपए नहीं था। बस में बैठने वाली उक्त तीनों महिलाओं द्वारा चोरी करना व उन्हें देखने से पहचान लेना बताई कि रिपोर्ट पर अज्ञात महिलाओं के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते घटना से वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल अवगत कराया गया।

### राजपूत क्षत्रिय महासभा की बैठक 31 को

**राजनांदगांव।** राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ रहटादह पं.क्र. 1282 उप समिति राजनांदगांव की सामान्य सभा की बैठक ग्राम घुमका में 31 अगस्त को दोपहर 2 बजे गौरव ग्राम घुमका के सामजिक भवन में किया जाएगा।

दिवस

### हर गली, हर मैदान, खेले सारा हिंदुस्तान की तर्ज पर प्रतियोगिताएं आयोजित

# बेमेतरा में राष्ट्रीय खेल दिवस पर तीन दिवसीय खेल महोत्सव का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस एवं फिट इंडिया मूवमेंट के तहत जिले में तीन दिवसीय खेल महोत्सव का आज जिला मुख्यालय बेमेतरा में शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में रस्साकशी, दौड़, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन, तीरंदाजी और शतरंज जैसी प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। शुभारंभ अवसर पर स्थानीय विधायक दिपेश साहू, कलेक्टर रणबीर शर्मा, पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, सीईओ जिला पंचायत प्रेमलता, डिप्टी कलेक्टर एवं खेल अधिकारी पिंकी मनहर, नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिंहा, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा और अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे। जिला मुख्यालय के खेल मैदान में सुबह से ही उत्साह का माहौल था। बड़ी संख्या में खिलाड़ी, ग्रामीण और शहरी युवा विभिन्न खेलों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे थे। दर्शकों ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। विधायक दिपेश साहू ने कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस केवल खेल तक सीमित नहीं है, बल्कि यह टीम भावना, अनुशासन और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा देता है। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कहा कि फिट इंडिया मूवमेंट केवल अभियान नहीं, बल्कि जीवनशैली का हिस्सा होना चाहिए। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने युवाओं को खेलों के माध्यम से नशा और बुराइयों से दूर रहने का संदेश दिया।

■ रस्साकशी, दौड़, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन, तीरंदाजी और शतरंज स्पर्धा हुई






## बारगांव में मेजर ध्यानचंद को दी गई श्रद्धांजलि



**बारगांव/बेमेतरा।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की स्मृति में बारगांव खेल मैदान में राष्ट्रीय खेल दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बारगांव की सरपंच शशिकला मिश्रा, सरपंच प्रतिनिधि सच्चिदानंद मिश्रा, भाजपा जिला महामंत्री नरेन्द्र वर्मा, उपसरपंच टिकेश वर्मा और मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र वर्मा उपस्थित रहे।

अतिथियों ने मेजर ध्यानचंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बच्चों को संबोधित करते हुए सरपंच शशिकला मिश्रा ने कहा कि मेजर ध्यानचंद का जन्म 29 अगस्त 1905 को इलाहाबाद में हुआ था। उनके खेल और योगदान के लिए आज का दिन राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। नरेन्द्र वर्मा ने कहा कि ध्यानचंद की अद्भुत स्टिक-वर्क और गेंद पर नियंत्रण ने उन्हें 'हॉकी का जादूगर' बना दिया। सच्चिदानंद मिश्रा ने 1936 के ओलंपिक फाइनल में भारत की जीत और मेजर ध्यानचंद की हैट्रिक गोलिंग का उल्लेख किया। टिकेश वर्मा और देवेन्द्र वर्मा ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि मेजर ध्यानचंद केवल खिलाड़ी नहीं, बल्कि भारत के हॉकी इतिहास के स्वर्णिम युग के निर्माता थे। बारगांव में पिछले चार वर्षों में हॉकी खेल में जबरदस्त प्रगति हुई है। कोच तुलसी साहू के मार्गदर्शन में 70-80 बच्चे नियमित प्रशिक्षण ले रहे हैं और राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीत रहे हैं। तुलसी साहू ने कहा कि मेजर ध्यानचंद का जीवन यह सिखाता है कि मेहनत, अनुशासन और देशभक्ति से कोई भी खिलाड़ी खेल के जरिए अमर हो सकते हैं।

## खेल शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास का जरिया

**बेमेतरा।** रेवेन्द्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र ढोलिया में आज राष्ट्रीय खेल दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। अधिष्ठाता डॉ. संदीप भंडारकर के मार्गदर्शन में तथा सांस्कृतिक एवं खेल प्रभारी डॉ. असित कुमार और राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. साक्षी बजाज के संयोजन में एक घंटे खेल के मैदान में, कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम 29 से 31 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा।

■ कृषि महाविद्यालय में एक घंटे खेल के मैदान में, का शुभारंभ

अधिष्ठाता ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर प्रतिवर्ष राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है। उन्होंने खेलों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि खेल केवल प्रतियोगिता या मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास का जरिया हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे खेलों को स्वस्थ और संतुलित जीवनशैली का हिस्सा बनाएं।

कार्यक्रम में सभी छात्र-छात्राओं और स्टाफ ने शपथ ली कि वे स्वयं को शारीरिक रूप से फिट, मानसिक रूप से मजबूत और भावनात्मक रूप से संतुलित बनाएंगे। साथ ही परिवार और दोस्तों को प्रतिदिन खेल एवं फिटनेस गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित करेंगे और हर खेल में उत्कृष्टता, सम्मान और मित्रता के मूल्यों को अपनाएंगे। राष्ट्रीय खेल दिवस के इस आयोजन में महाविद्यालय के अधिकारी, प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# साक्षी को मिला राष्ट्रीय कलचुरी गौरव सर्वोच्च नागरिक सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल बेमेतरा की छात्रा साक्षी जायसवाल को दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन में राष्ट्रीय कलचुरी गौरव सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया गया। साक्षी ने वायरलेस संचार तकनीक का आविष्कार कर प्रदेश की पहली बालिका साइंटिस्ट बनने का गौरव हासिल किया और अपना नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज करा चुकी हैं।

यह सम्मान अखिल भारतीय कलवार, कलाल, कलार महासभा, दिल्ली द्वारा आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन में दिया गया। दिल्ली के हरिमंदिर, गुरुतेग बहादुर नगर में आयोजित इस भव्य समारोह में देश और विदेश से आए प्रतिभागियों के बीच कुल 19 व्यक्तियों को यह सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्रदान किया गया। सम्मान यूपी के कैबिनेट मंत्री रविंद्र जायसवाल ने दिया। साक्षी ने दो साल के शोध के बाद नवोदय विद्यालय में पढ़ते हुए प्रकाश का उपयोग करके डेटा स्थानांतरण हेतु वायरलेस संचार तकनीक का सफल आविष्कार किया। यही कारण है कि उन्हें गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने का गौरव मिला। साथ ही, साक्षी ने 12 वर्ष की उम्र में बालिका साइंटिस्ट बनने का छत्तीसगढ़ रिकॉर्ड भी अपने नाम किया है।




इस अवसर पर अखिल भारतीय कलवार, कलाल, कलार महासभा के राष्ट्रीय महासचिव किशोर भगत ने कहा कि संस्था हर वर्ष समाज के हित में महत्वपूर्ण कार्य करने वाले व्यक्तियों को 'कलचुरी रत्न', 'कलचुरी गौरव' और 'कलवार श्री' अवार्ड से सम्मानित करती है। साक्षी को कलचुरी गौरव सम्मान उनकी कम उम्र में मिली अद्भुत उपलब्धियों के चलते दिया गया।

### नहर में डूबने से बुजुर्ग की मौत

**भिलाई।** नंदनी थाना अंतर्गत ग्राम हरदी में एक बुजुर्ग किसान की नहर में डूबने से मौत हो गई। मृतक का नाम मिलन पिता खेरू राम पटेल (65 वर्ष) बताया गया है। पुलिस ने बताया कि मृतक मिलन पटेल गुरुवार को अपने खेत की देखभाल के लिए निकला था। जब वे लंबे समय तक घर नहीं लौटा, तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। नहर के किनारे उनकी चप्पल मिलने के बाद डूबने की आशंका जताई गई। सूचना मिलते ही कंट्रोल रूम के माध्यम से एसडीआरएफ को बुलाया गया। 10 सदस्यीय टीम ने बचाव अभियान शुरू किया। टीम ने दोपहर लगभग 3:30 बजे नहर से मिलन पटेल का शव बरामद किया। शव को पुलिस को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि नहर में बहाव अधिक होने की वजह से शायद मृतक बह गया।

# तकनीकी दिक्कतों ने रोकी ऑन लाइन ऋण पुस्तिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जमीन की रजिस्ट्री के साथ स्वमेव नामांतरण की सुविधा शुरू होने के बाद शासन अब ऋण पुस्तिका ऑनलाइन जारी करने की तैयारी कर रहा है। यह नई व्यवस्था अगस्त से लागू होनी थी, लेकिन तकनीकी दिक्कतों के कारण अभी इसे शुरू नहीं किया जा सकी है। भूमि खरीदने वाले पक्षकारों के लिए यह व्यवस्था एक बड़ी राहत साबित होगी। अब उन्हें बार-बार राजस्व विभाग के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं होगी। नई प्रक्रिया के तहत रजिस्ट्री विभाग, नामांतरण के दस्तावेज सीधे तहसीलदारों के पोर्टल पर भेज देगा। इसके बाद तय समय में तहसीलदार ऑनलाइन ऋण पुस्तिका जारी करेंगे।

■ जमीन खरीदारों के लिए थी बड़ी राहत, लेकिन अभी इंतजार करना होगा

### दो विभागों पर निर्भरता बनी चुनौती

पहले जमीन से जुड़े सभी काम सिर्फ राजस्व विभाग के माध्यम से होते थे। अब रजिस्ट्री विभाग और राजस्व विभाग—दोनों की भूमिका अलग-अलग हो गई है। रजिस्ट्री विभाग से नामांतरण की सुविधा मिलने के बाद भी ऋण पुस्तिका बनवाने के लिए अभी पक्षकार को राजस्व विभाग के चक्कर लगाने पड़ते हैं। यही वजह है कि लोगों के लिए यह प्रक्रिया काफी जटिल और समय-साध्य हो गई है।

### तकनीकी पेचीदगियां बनी रोड़ा

राजस्व विभाग के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि कई बार रजिस्ट्री में अधिक रकबे की जानकारी दर्ज हो जाती है, जबकि वास्तविक जमीन उतनी नहीं होती। ऐसी स्थिति में ऋण पुस्तिका में सही रकबा दर्ज करना तेहसीलदार के लिए मुश्किल हो जाता है। अधिकारी कहते हैं कि इन तकनीकी अड़चनों को दूर करने का काम अभी जारी है।

**भूमि खरीदारों के लिए लाभः** अधिकारियों का कहना है कि जैसे ही तकनीकी समस्याओं का समाधान होगा, भूमि खरीदारों को ऋण पुस्तिका ऑनलाइन मिलने लगेगी। इससे लोगों का समय बचेगा और उन्हें विभागों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। नई व्यवस्था लागू होने के बाद बेमेतरा में भूमि संबंधित कामों में पारदर्शिता बढ़ेगी और जनता को सुविधाजनक सेवा मिलेगी। फिलहाल प्रशासन तकनीकी तैयारियों में जुटा हुआ है और उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही इस सुविधा का लाभ लिया जा सकेगा।

### टाउन हॉल में रजत महोत्सव का भव्य आयोजन, उत्कृष्ट छात्राओं का सम्मान, विजेता की गईं पुरस्कृत

# महिलाओं को सम्मान देने से बढ़ता है समाज का गौरव : सांसद बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बेमेतरा जिले के टाउन हॉल में रजत महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिला सम्मान समारोह का आयोजन भी हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल मौजूद रहे।

कार्यक्रम में सांसद बघेल ने जिले का नाम रौशन करने वाली कक्षा 10वीं और 12वीं की उत्कृष्ट छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसके अलावा निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में सांसद ने कहा कि महिलाओं को सम्मान देने से उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आता है। इससे समाज का गौरव बढ़ता है। महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर गरिमामयी जीवन जीने का अवसर प्राप्त करती हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु संचालित योजनाओं की भी जानकारी दी। बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक दीपेश साहू ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने से समाज में सकारात्मक बदलाव आया है। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने युवाओं से 'सांसद खेल महोत्सव – फिट युवा फॉर विकसित भारत' पोर्टल में पंजीकरण कर भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेमलता मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, अन्य विभागीय अधिकारी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी तथा ग्रामीणजन उपस्थित रहे।




### सांस्कृतिक रंग और छत्तीसगढ़ की झलक

रजत महोत्सव के अंतर्गत हमर संस्कृति, हमर विरासत, पुरखा के सुरता पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति, लोकगीत और परंपराओं की रंगीन झलक देखने को मिली।

### हेल्थ कैंप और फूड फेस्टिवल

कार्यक्रम में हेल्थ कैंप के साथ-साथ छत्तीसगढ़ फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया। फेस्टिवल में राज्य के पारंपरिक व्यंजनों की प्रदर्शनी और बिक्री की गई, जिसे जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और नागरिकों ने खूब सराहा।

### महिला जागरुकता संदेश रथ को किया रवाना

सांसद विजय बघेल ने महिला जागरुकता संदेश रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के ग्राम पंचायतों और शहरी क्षेत्रों में पहुंचकर महिलाओं के सम्मान, आत्मनिर्भरता और विकास से जुड़ी सरकारी योजनाओं की जानकारी देगा।

# गोपालपुर के दो छात्रों का राज्यस्तरीय तैराकी में चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

साजा विकासखंड की पूर्व माध्यमिक शाला के 14 वर्षीय बालक राज चंद्राकर और छत्रपाल चंद्राकर को राज्यस्तरीय तैराकी प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया है। यह चयन राजनांदगांव में आयोजित संभाग स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद हुआ है। विद्यार्थियों के मार्गदर्शक शिक्षक बिसेन सिंह राजपूत रहे। संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में बेमेतरा जिले से कुल 32 बालक-बालिकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में सहायक क्रीड़ा अधिकारी विजय कुमार पाण्डेय, खेल शिक्षक रामकुमार पटेल, श्रीकांत यादव, ऋषभ सिंह राजपूत, वरुण राजपूत, पवन साहू, काजल कुमारी, बिसेन सिंह राजपूत, शिक्षा भोई और बी उमाशंकर मौजूद रहे।

इस उपलब्धि पर पूर्व माध्यमिक एवं हाईस्कूल गोपालपुर के प्राचार्य एवं शिक्षक मंडल ने चयनित विद्यार्थियों और मार्गदर्शक शिक्षक को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

